卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 272 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦13 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# रोते-बिलखते रहे लोग, आशियानों पर गरजते रहे बुल्डोजर

## भगवानपुर कोलड़िया में दर्जनों भवन किये गये धराशयी, भारी पुलिस बल तैनात, ड्रोन से निगरानी के साथ हुई वीडियोग्राफी





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आज पुलिस, प्रशासनिक तथा विभागीय अधिकारियों की अगुवाई में भारी पुलिस बल के साथ टीम द्वारा काशीपुर मार्ग पर ग्राम भगवानपुर कोलड़िया में पल्लविका नर्सरी तक मार्ग किनारे सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान रोते बिलखते लोग अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर उनके दशकों पुराने आशियाने न तोड़ने की गुहार लगाते रहे लेकिन अधिकारियों ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। आखिरकार कुछ ही घंटों में आठ जेसीबी मशीनों की गर्जनों के बीच दर्जनों भवन मलवे में तब्दील हो गये। इस पूरे अभियान की अधिकारियों द्वारा ड्रोन कैमरे से न सिर्फ निगरानी की गई वरन वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान क्षेत्र में शांति व यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए जहां यातायात को वन वे किया गया था वहीं लोगों को काफी दूर पर ही रोक उन्हें अभियान स्थल पर आने से मना कर दिया गया था। इससे पूर्व आज प्रात: पूर्ण तैयारियों के साथ उच्च न्यायालय के निर्देश पर एसडीएम रूद्रपुर मनीष बिष्ट, किच्छा के कौस्तुभ मिश्र, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ओमपाल सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ रूद्रपुर निहारिका( **शेष पेज सात पर** )

## वर्षो पुराने घरों को धराशयी होता देख परिजन हुये बेहाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता) प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में काशीपुर मार्ग पर ग्राम भगवानपुर कोलड़िया में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाये गया भवनों को न्यायालय के आदेश पर प्रात: करीब आठ बजे तोड़ने पहुंची टीम को देखते ही वहां रह रहे परिवारों के बुजुर्गो, महिलाओं व बच्चों ने रोना शुरू कर दिया। रोते हुए बुजुर्गो का कहना था कि वर्षो की मेहनत से उन्होंने परिवार के लिए घर बनाया था। अब उनके समक्ष परिवार के रहने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई, भोजन, रोजगार आदि की समस्या आ गई है। वहीं घर का सामान और परिवार को कहां लेकर जायें। सामान ले जाने के लिए वाहन स्वामी भी मुंह मांगे रूपये मांग रहे हैं। उन पर चारों तरफ से मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है।







## भारी फोर्स के आगे नहीं हो सका विरोध, देखते रहे लोग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)गत दिवस ग्राम भगवानपुर कोलड़िया में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को जिस प्रकार से स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा था। उसे देखते हुए टीम पूरी तैयारियों के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। एसपी सिटी मनोज कत्याल की अगुवाई में सीओ( **शेष पेज सात पर** )



## कांग्रेस नेता बोले मलवा तो छोड़ दो

रूद्रपुर। अभियान के दौरान वहीं पहुंचे कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्षा मीना शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पंत व कांग्रेस नेता अनिल( **शेष पेज सात पर** )



## ..और सो गई महिला इंस्पेक्टर



रूद्रपुर। पुलिस कर्मियों पर निरंतर काम का कितना बोझ है इसका नजारा उस समय देखने को मिला जब ग्राम भगवानपुर कोलड़िया में एक ओर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था और वहीं दूसरी ओर इस सबसे बेखबर ड्यूटी पर तैनात एक महिला इंस्पेक्टर प्रतिमा भट्ट गहरी नींद में सोई हुई थी। इसी दौरान साथी पुलिस कर्मियों ने उन्हें जब इस हालत में देखा तो उन्होंने उसे तत्काल उठाया।

## युवक बोला परिवार खा लेगा जहर

रूद्रपुर। जिस समय टीम द्वारा अभियान प्रारम्भ कर जेसीबी की मदद से भवनों को तोड़ना शुरू कर दिया गया तो अचानक एक युवक( **शेष पेज सात पर** )



# उत्तराखण्ड में भाजपा को झटका, कांग्रेस ने जीती दोनों सीटें

## उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला और काजी निजामुद्दीन जीते

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा को करारा झटका लगा है। दोनों ही सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी ने शानदार प्रदर्शन कर विजय हासिल की है। उत्तराखंड में दो विधानसीटों पर हुए उपचुनाव के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज शनिवार को हो गया है। बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। बदरीनाथ से कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला तो मंगलौर से कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन विजयी हुए हैं। हालांकि भाजपा यहां कुछ बूथों पर रिकाउंटिंग की मांग कर रही है। विगत 10 जुलाई को मंगलौर और चमोली जिले की बदरीनाथ विधानसभा सीट समेत कुल दो सीटों पर उपचुनाव हुआ था। चुनाव परिणाम के लिए आज यानी 13 जुलाई को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव की 14वें चरण की मतगणना के बाद कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस के लखपत बुटोला 5224 मतों से जीते हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बदरीनाथ विस सीट पर कांग्रेस के




हाथों शिकस्त मिली थी, लेकिन कांग्रेस की जीत की पटकथा लिखने वाले राजेंद्र भंडारी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शमिल हो गए थे। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गढ़वाल संसदीय सीट पर बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस को 8254 वोटों से पीछे छोड़ा था, लेकिन भंडारी के भाजपा में आने के बाद पार्टी इससे भी बड़ी लीड की उम्मीद कर रही थी। इसके साथ ही मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के प्रत्याशी को 449 मतों से पराजित किया। 2022 विधनसभा चुनाव में यहां से बहुजन समाज पार्टी के सरवत करीम अंसारी काजी निजामुद्दीन से 529 मतों के अंतर से चुनाव जीते थे। उनके निधन से यह सीट खाली हुई थी। मंगलौर विस सीट भाजपा ने कभी नहीं जीती। मुस्लिम और अनुसूचित जाति बहुल इस सीट पर बसपा और कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। भाजपा ने इस सीट पर प्रत्याशी तो उतारे, लेकिन उसे कभी कामयाबी नहीं मिली। 2022 के चुनाव में पार्टी प्रत्याशी दिनेश सिंह पंवार को 18763 वोट मिले थे।

# देहरादून में संदिग्ध रेडियोएक्टिव उपकरण की खरीद फरोख्त करते पांच लोगों को किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून पुलिस ने संदिग्ध रेडियोएक्टिव उपकरण की खरीद फरोख्त करते पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उपकरण की डील पूर्व आयकर आयुक्त श्वेताभ सुमन के बंगले पर (जिसे आरोपियों ने किराये पर लिया था) की जा रही थी। शुरुआत में उपकरण की जांच एसडीआरएफ ने की। इसके बाद नरौरा एटॉमिक पावर स्टेशन की रेडिएशन रिस्पांस टीम ने प्रथमदृष्टया रेडियोएक्टिव पदार्थ न होने की पुष्टि की है। हालांकि, कुछ रसायन इससे मिलते जुलते हो सकते हैं। उपकरण को भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर भेजा रहा है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोगों के पास एक रेडियोएक्टिव उपकरण है या पदार्थ जिसकी खरीद-फरोख्त की बात की जा रही है। राजपुर पुलिस को भेजा गया तो मकान में पांच लोग मिले। इनके पास मिले उपकरण पर रेडियोग्राफी कैमरा और निर्माता का नाम बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटॉप टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, बीएआरसी/बीआरआईटी, वाशी कॉम्प्लेक्स सेक्टर-20 वाशी नवी मुंबई लिखा हुआ है। एक काले रंग का बॉक्स भी मिला। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि इसे खोलने पर रेडिएशन फैलने का खतरा हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ को बुलाया गया। टीम ने टेलीटेक्टर, अलसाइन मॉनीटर और मिनी रैड बीटा इंटरनल उपकरणों से जांच की और इसमें रेडियो एक्टिव तत्व होने की आशंका जताई। पता चला कि इस उपकरण का प्रयोग बड़ी-बड़ी पाइपलाइन में लीकेज आदि की जांच में किया जाता है। ऐसे उपकरणों का निर्माण भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (बीएआरसी) में किया जाता है। बीएआरसी को ईमेल से सूचना दी गई तो सेंटर के निर्देश पर नरौरा स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र की रेडिएशन इमरजेंसी रिस्पांस टीम शुक्रवार को मौके पर पहुंची। टीम ने चार घंटे तक जांच की और बताया कि इसमें रेडियोएक्टिव पदार्थ नहीं है। हालांकि, इसमें कुछ अन्य रसायन होने की जानकारी दी गई। एसएसपी ने बताया कि अब इसे अगली जांच के लिए बीएआरसी भेजने की सिफारिश टीम ने की है। मौके से पांचों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सुमित पाठक निवासी विजयनगर आगरा, तबरेज आलम निवासी रिढी ताजपुर बेहट जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, सरवर हुसैन निवासी उत्तमनगर रनौला नई दिल्ली, जैद अली निवासी बड़ोवाली मस्जिद जहांगीराबाद भोपाल और अभिषेक जैन निवासी टॉप रेजिडेंसी करोल भोपाल मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बताया कि उपकरण तबरेज आलम ने 10 महीने पहले सहारनपुर निवासी राशिद से खरीदा था। अब आगरा निवासी सुमित पाठक से इसकी खरीद-फरोख्त की बात चल रही थी। एसएसपी ने बताया कि इसमें दिल्ली और फरीदाबाद के कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। इनके संबंध में जानकारी की जा रही है। फिलहाल, इस उपकरण से किसी प्रकार के खतरे की बात नहीं बताई जा रही है।




# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने कई क्षेत्रों में रोपे दर्जनों पौधे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आओ पौधे लगाओ,धरा को हरा भरा बनाए अभियान के तहत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने देव होम्स इलीट में दर्जनों पौधे रोपे।कालोनी वासियों ने इन पौधों को संरक्षण देने का संकल्प लिया।फाउंडेशन द्वारा पार्क सहित कालोनी के विभिन्न हिस्सो में हरसिंगार,गुलमोहर, अमलताश,नीम,प्राइड ऑफ इंडिया,केसिया, जेड के पौधे रोपे। राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि मानसून का मौसम शुरू हो गया है। पौधारोपण के लिए यह मौसम सबसे उपयुक्त



है। ऐसे में हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज वातावरण तेजी से बदल रहा है। इसके लिए सबसे बेहतरीन उपाय अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाना है। इससे न केवल हमारी प्रकृति हरी-भरी होगी बल्कि पर्यावरण भी शुद्ध होगा। इस अवसर पर पी के मौर्य,सुनील आर्य,मुनींद्र कुमार,राजीव कामरा,ओंकार सिंह ढिल्लो,आलोक जैन, अनिल अग्रवाल,मनन अग्रवाल, प्रांजल मौर्य ,यतेंद्र कटारा, अरुण कुमार आदि लोग मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# किच्छा वासियों को शीघ्र मिलेगा मिनी स्टेडियम : बेहड़

## स्टेट ओपन चेस चैम्पियनशिप के समापन पर विजेताओं को किया गया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा है कि किच्छा क्षेत्र को अति शीघ्र मिनी स्टेडियम दिए जाने का उनका प्रयास सफल होने वाला है,इसके लिए लगभग संपूर्ण तैयारी कर ली गई है,उत्तराखंड सरकार ने किच्छा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम बनाए जाने की पहल कर दी है। मगर राजस्व विभाग द्वारा अभी तक जमीन का विवरण सरकार को उपलब्ध नहीं कराये जाने के चलते इसमें देरी हो रही है। यह बात श्री बेहड़ ने तीन दिवसीय 18 वीं उत्तराखंड स्टेट ओपन चेस चैम्पियनशिप के समापन समारोह एवम पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये कही। चेस चैपियनशिप में विधायक तिलक राज बेहड़,नगर काग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने खिलाडियों आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुये प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के समापन के दौरान देवभूमि चेस एसोसिएशन के महा सचिव संजीव चौधरी ने सबको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । तीन दिवसीय चेस प्रतियोगिता के परिणाम मे प्रथम पुरस्कार अमित डोडीयाल देहरादून,द्वितीय पुरस्कार क्षेयांश साहू रुद्रपुर, तृतीय पुरस्कार भव्य अरोरा हरूपुर तथा चतुर्थ पुरस्कार शुभ सिंह सैनी काशीपुर ने प्राप्त किया। चारों खिलाड़ी भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसका आयोजन हरियाणा में किया जायेगा। समापन समारोह के दौरान श्री बेहड़ ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है किंतु खेल प्रतिभाओं के राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए उत्तराखंड राज्य के पास मूलभूत सुविधा अभी भी उपलब्ध नहीं है इसके लिए सरकार को हर सम्भव प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज की प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं ताकि आज के विजेता कल उत्तराखंड का नेतृत्व करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में सफल नहीं हुए हैं उन्हें भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे इसके लिए प्रत्येक खिलाड़ी को निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर संगठन के महासचिव संजीव चौधरी ने कहा कि उनकी अभिलाष रहती है कि प्रत्येक खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें तथा अपना स्थान राष्ट्रीय स्तर पर सुनिश्चित करें। श्री चौधरी ने कहा कि कई खिलाड़ियों द्वारा अपनी जगह बनाकर उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक श्री बेहड़ से मांग करते हुये कहा कि वह शीघ्र ही स्टेडियम का निर्माण करवा कर खिलाड़ियों को सौगात प्रदान करें ताकि आउटडोर और इंडोर खेल के खिलाड़ियों को अपना अभ्यास करने की सुविधा मिल सके। इस मौके पर देवभूमि चेस एसोसिएसन की कोषाध्यक्ष डा. सीमा सिंह, चीफ आर्बिटर मृत्युंजय सिंह, पवन सिंह, मो० फैज, आर्थन सिंह, अशोक मित्रा, राजीव जग्गी, राजीव चौधरी, नीतिन शर्मा, साहिल सिंह, अवि सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, धर्म सिन्धी, दलबीर सिंह, दानिश, दीप हंसपाल आदि मौजूद थे। खिलाडियों को मोमेन्टों के साथ प्रथम विजेता को चार हजार रुपये ,द्वितीय विजेला को पैतीस सौ रुपये, तृतीय विजेता को पच्चीस सौ रुपया तथा चतुर्थ विजेता को दो हजार रुपया देकर सम्मानित किया गया।




Shri Guru Nanak Degree College
(Affiliated to Kumaun University, Nainital) PREET VIHAR, (UDHAM SINGH NAGAR) UTTARAKHAND
Faculty Requirement
1. Principal
2. B.A. (Hindi, English, Home Science, Economics, Sociology, Political Science)
3. B.Com.-(Accounting/Statistics, Income Tax, Insurance/Auditing)
4. B.B.A.-(Financial Accounting, Business Mathematics, Company Law)
5. B.Com. (Hons.)-
6. M.Com.
7. B.Ed.
Perspective in Education-4, Pedagogy Subjects-8, Health & Physical Education- 1, Performing Arts-1, Music/Dance Teacher-1
**Applications are invited for short listed candidates will be in form to send their resume within 7 days to College E-mail id with minimum qualifications.**
Qualifications-UGC/NCTE/Kumaun University norms including NET/SET/Ph.D. in concerned streams i.e. Arts, Commerce, Management & Education.
**E-Mail id-gndc.rdr@rediffmail.com**
**WhatsApp No.-9453482993,9917078300**

# गेस्ट हाउस में देह व्यापार का भंडाफोड़, 19 गिरफ्तार

रूड़की। पिरान कलियर के एक गेस्ट हाउस में मानव तस्कर विरोधी सेल और कलियर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापा मारकर आपत्तिजनक सामग्री के साथ आठ महिलाओं सहित 19 लोगों को देह व्यापार करने और कराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। साथ ही एक किशोरी को भी गेस्ट हाउस से मुक्त कराया। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक सहित पकड़े गए पुरुषों और महिलाओं के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पिरान कलियर थाना प्रभारी दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि कलियर पुलिस और मानव तस्कर विरोधी सेल को सूचना मिली कि कलियर थाना क्षेत्र के सोहलपुर रोड स्थित गेस्ट हाउस में देह व्यापार हो रहा है। सूचना पर संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार रात को गेस्ट हाउस में छापा मारा। इस दौरान वहां गेस्ट हाउस संचालक मैनेजर आठ महिलाओं सहित 11 पुरुषों को आपत्तिजनक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। एक किशोरी को भी मुक्त कराया गया। पकड़ी गई महिलाएं मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और हरिद्वार जिले की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस संचालक मुस्तफा एक महिला के साथ मिलकर लंबे समय से गिरोह बनाकर देह व्यापार का धंधा चला रहा था। गेस्ट हाउस पर बाहर से गरीब महिलाओं और लड़कियों को काम दिलाने के नाम पर बुलाया जाता था और फिर देह व्यापार करवाया जाता था। आरोपी मुस्तफा के खिलाफ पहले भी देह व्यापार के कई मुकदमे दर्ज हैं। गेस्ट हाउस संचालक मुस्तफा निवासी महमूदपुर कलियर, मैनेजर आदिल निवासी पहाड़गंज दिल्ली और एक महिला के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार व पॉक्सो में मुकदमा दर्ज किया गया है। इनके अलावा दानिश निवासी बहेरा थाना भोपा मुजफ्फरनगर, शौकत निवासी सदर बाजार सहारनपुर, सलीम निवासी जयंतीपुर मझोला मुरादाबाद, वसीम निवासी भुजाहेड़ी पुरकाजी मुजफ्फरनगर, सोनी निवासी भांडेरी कांठ शाहजहांपुर, असलम निवासी बीबीपुर छज्जल मुरादाबाद, अलीजान निवासी अकबरपुर झोझा थाना झबरेड़ा, पुष्पेंद्र निवासी किशनपुर थाना भगवानपुर, अजय उर्फ काला निवासी किशनपुर थाना भगवानपुर के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार में मुकदमा दर्ज किया गया है। गेस्ट हाउस के रजिस्टर को कब्जे में लेकर उसे सील करने के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। पुलिस टीम में एसएसआई आमिर खान एसआई ज्योति नेगी राखी रावत, जमशेद अली, भीम दत्त, जितेंद्र सिंह, मुकेश, सरिता राणा, अल्का नीरज राणा शामिल रहे।



# दो पालियों में होगी राज्य सिविल प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा

## जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों, सैक्टर मजिस्ट्रेटो को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 14 जुलाई रविवार को आयोजित होने वाली राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2023-24 दो पालियों में पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे व द्वितीय पाली 02 बजे से 04 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने डॉ0 एपीजे कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों व सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटो की बैठक ली।जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों, सैक्टर मजिस्ट्रेटो को निर्देश दिये कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराया जाये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में छोटी से छोटी लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी पर तैनात सैक्टर मजिस्ट्रेट, अधिकारी व कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ठ निर्देश देते हुये कहा कि परीक्षा पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न हो, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में 37 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, परीक्षा दिवस पर परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धारा-144 लागू रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, आयोग द्वारा निधारित समय के अनुरूप ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए, परीक्षा केंद्र में पेपर आयोग के दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए खोले जाएं तथा वीडियोग्राफी भी करायी जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल न हो। परीक्षा केंद्रों व उसके के आसपास कोई फोटो स्टेट की दुकान खुली न रहें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट लाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्र के बाहर इस सम्बन्ध में बड़े अक्षरों में नोटिस लगाकर यह स्पष्ट कर दिया जाये कि आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित परीक्षार्थियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, नकल करने तथा अन्य किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा कार्य में संलग्न कर्मचारियों तथा अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश न करने दिया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्र, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, आयोग के प्रतिनिधि सहित केन्द्र व्यवस्थापक व सैक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।




उधमपुर जम्मू के लिये स्टाफ की आवश्यकता है।

1-अनुभवी शैफ 2-सफाई कर्मचारी 3-वेटर

रूकने और खाने-पीने की नि:शुल्क सुविधा

सम्पर्क करे-8082319239 इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा भेजे-

Email-rajind.math@gmail.com

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, नि:सन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# बर्फानी बाबा के दर्शन करने किच्छा से जत्था रवाना




किच्छा(उद संवाददाता)। बाबा अमरनाथ की तीर्थयात्रा के लिए युवाओं का बीस सदस्यीय जत्था जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हुआ। हर हर महादेव, बाबा अमरनाथ के जय घोष के गगनभेदी नारों के साथ सैकड़ों लोगों ने तीर्थ यात्रियों को हुए विदा किया। शिवभक्त महाकालेश्वर संघ के बैनर तले बीस सदस्यीय युवा तीर्थ यात्रियों का एक दल जम्मू कश्मीर स्थित जत्था बाबा अमरनाथ के दर्शन लिए किच्छा रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। बाबा अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होने वाले युवाओं को सैकड़ो लोगों एवं शिवभक्तों के परिजनों उनके मित्रों से नगर के रेलवे स्टेशन पहुंचकर हर हर महादेव, बाबा अमरनाथ के जय घोष के गगनभेदी नारे लगाते हुए यात्रा मंगलमय हो की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। बाबा अमरनाथ की तीर्थयात्रा पर जाने वाले दल का नेतृत्व कर रहे शिव भक्त महाकालेश्वर संघ के वरिष्ठ सदस्य कुंज बिहारी ने बताया कि वह किच्छा रेलवे स्टेशन से बरेली जंक्शन जाएंगे,वहां से ट्रेन के माध्यम से जम्मू कश्मीर पहुंचेंगे। यह जत्था वहां से बस द्वारा पहलगाम पहुंचकर बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए पैदल रवाना होंगा तथा बाबा बर्फानी के दर्शन कर दौरान अपने देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि, विकास एवं सभी के स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करेंगे। तीर्थ यात्रियों के जत्थे में युवा पत्रकार सुनील गुप्ता, कुंज बिहारी, नरेंद्र मौर्य, सचिन सक्सेना, राहुल सक्सेना, अजय मौर्य, शेखर कश्यप, कीर्ति कश्यप, सतवीर, हीरा लाल, मुकेश मंडल, विशाल, राजेश राठौर, निखिल श्रीवास्तव, विशाल गुप्ता, पंकज, सुशील राठौर, रूमानी आदि थे।

# अंडर पास की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगो की वर्षो पुरानी मांग को लेकर एडवोकेट संजय आइस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तराखंड यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के नेतृत्व में युवाओ ने छत्तरपुर मार्ग पर अंडरपास की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि रुद्रपुर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की जनता इस विषय पर कई वर्षों से मांग कर रहे है। क्षेत्रवासियों की इस मांग को देखते हुये रेलवे विभाग द्वारा अनुमति देकर कार्य प्रारम्भ करवा दिया गया था। जिसको उपजिलाधिकारी द्वारा सिडकुल आदि अन्य विभागों से तकीनीकी अनुमति न होने का हवाला देते हुये कार्य पर रोक लगा दिया गया। जोआज तक जारी है। अंडरपास का काम रुकने से वहां पर निवासरत क्षेत्र के हजारों का जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। क्योंकि वहां पर मार्ग न होने के चलते वहां के लोगो को नेशनल हाईवे, जिला अस्पताल, जिला मुख्यालय आदि जगह आने के लिये लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। जिससे उन्हें बहुत अधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस सम्पूर्ण क्षेत्र की एक स्वर में मांग है कि अंडरपास को स्वीकृति मिले। जिससे वहां के लोगो को राहत मिल सके। इस समय भारी बरसात हो रही है। जिससे रेलवे द्वारा अनुमति मिलने पर अंडरपास के लिये जो गड्ढा किया गया था उसमें भारी बरसात से तथा पास के कृषि विभाग की जमीन से जल का प्रवाह अंडरपास के तरफ करने से अंडरपास कार्य को लेकर किये गये गड्ढे में जल का भारी जमाव हो चुका है तथा गड्ढा पूरी तरह से पानी से भर चुका है। जिससे उस रोड में चलने वाले राहगीरों को बरसात में रोड से फिसलने से तथा किसी अन्य कारणों से गड्ढे में गिरने से भारी जान माल के नुकसान की संभावना बनी हुई है। क्योंकि गड्ढा इस समय भयावह रूप में है जिससे कभी भी वहां पर कोई अनहोनी हो सकती है। लोगों की मांग है कि इस अंडरपास की जब तक शासन/प्रशासन से अंतिम रिपोर्ट नही आ जाती तब तक वहां गड्ढे के चारो तरफ से बैरिकेटिंग कर दी जाये तथा गड्ढे में जमा पानी को निकासी कर गड्ढे को खाली कर दिया जाय। ऐसा न होने की स्थिति में विभाग द्वारा बनाये गड्ढे को अनुमति तक मिट्टी भरान कर रोड और गड्ढे को समान कर दिया जाये तथा कार्यक्षेत्र में कार्य प्रगति पर है का बोर्ड लगा दिया जाय। इस दौरान फरमान सिद्दकी, विकास विश्वास, सुब्रत विश्वास, केके गंगवार, गौतम मदक, गोलू दास, गणेश पाल, शंकर शंकु, सौरभ मदक, राहुल पाल, अजय पाल, पवित्र शील, गौतम घरामी, मानस बैरागी, अर्जुन विश्वास,आसीत बाला, वासु मदक, विक्की विश्वास, अंकित भारती आदि अन्य लोग मौजूद थे।



# आंगनवाड़ी केन्द्र में मनाया हरेला पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरेला दिवस के उपलक्ष में खेड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 5 में शकुंतला पाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा हरेला पर्व मनाया गया। जिसका उद्देश्य श्एक पेड़ मां के नामश और श्प्लांट 4 मदरश था। यह अभियान जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया जिसके तहत सभी महिलाओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसका लक्ष्य सितंबर 2024 तक 80 करोड़ पेड़ और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पेड़ लगाना है ।इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ अन्य महिलाएं जैसे सहायिका मंजू कांडपाल, ज्योति, नगमा, माधुरी , पूनम आदि लोगो ने प्रतिभाग किया।



# भारत विकास परिषद ने बच्चों को वितरित की स्टेशनरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद समाज के जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य करती रहती है। सेवा कार्य के इस क्रम में आज शाखा द्वारा कोकिला देवी बाल विकास विद्यालय, रम्पुरा में जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरण किया गया ।उक्त कार्यक्रम में शाखा के सदस्य नरेंद्र अरोरा, मनोज अरोरा , राहुल सिंघल, शक्ति बाठला, गुंजन खेड़ा , प्रेरणा शर्मा, संजीव अरोरा, डॉ वी पी गुप्ता,जतिन अग्रवाल, संजय ठुकराल,अजय अग्रवाल, राजेन्द्र सहाय, संजय सिंघल उपस्थित रहे।





# यूसीसी की नियमावली रिपोर्ट को आम जन के लिए किया सार्वजनिक

## यूसीसी के लागू होने के बाद लोगों को आसानी से मिलेगा समान न्याय : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। समान नागरिक संहिता के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने शुक्रवार को अपनी पूरी रिपोर्ट को आम जन के लिए सार्वजनिक कर दिया है। कोई भी व्यक्ति यूसीसी की वेबसाइट पर जाकर इसे देख सकता है। पूर्व मुख्य सचिव एवं समिति के सदस्य श्री शत्रुघ्न सिंह ने आज राज्य अतिथि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समान नागरिक संहिता को लेकर गठित विशेषज्ञ समिति की पूरी रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 27 मई, 2022 को समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इस अवधि में कमेटी ने 43 जनसंवाद कार्यक्रम और विभिन्न माध्यमों से 2.33 लाख लोगों से सुझाव प्राप्त किये। 2 फरवरी 2024 को कमेटी ने राज्य सरकार को समान नागरिक संहिता को लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। जिसे राज्य सरकार ने विधानसभा के पटल पर रखकर पारित कराया था। 11 मार्च को राष्ट्रपति ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। राज्य सरकार की ओर से अब यूसीसी की नियमावली तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अक्तूबर माह में इसे उत्तराखण्ड में लागू करने की बात कही है। जिसके दृष्टिगत पूर्ण प्रयास है कि निर्धारित समय सीमा में नियमावली तैयार कर इसे राज्य में लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के कारण संहिता के कुछ खंड जारी नहीं हो पाए थे, जिनको भी अब जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि नियमावली समिति को राज्य सरकार ने आदेश किया कि सभी चार खंड की रिपोर्ट को जनता के लिए उपलब्ध कराया जाए, जिसके क्रम में संहिता की पूरी रिपोर्ट आज से लोगों के लिए उपलब्ध हो सकेगी। कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट और कानून को इस वेबसाइट ucc-uk-gov-in@ पर देख सकेगा। नियम एवं क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने विशेषज्ञ समिति द्वारा तैयार की गई समान नागरिक संहिता उत्तराखंड की रिपोर्ट के सार्वजनिक होने पर सीएम धामी ने कहा कि जन-जन में यूसीसी को लेकर एक जिज्ञासा थी, अब इसकी रिपोर्ट को ucc-uk-gov-in पर सार्वजनिक कर दिया गया है। जल्द ही इस कानून को लागू कर दिया जाएगा। निश्चित रूप से यूसीसी के लागू होने के बाद कई कानूनों की जटिलताएं समाप्त होंगी, लोगों को आसानी से न्याय मिल सकेगा।



# राष्ट्रपति को नैनीताल राजभवन एवं मानसखण्ड भ्रमण हेतु किया आमंत्रित

देहरादून/नई दिल्ली(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट कर देश व प्रदेश के समसामयिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि भारत की एकता और अखंडता को प्रदर्शित करने के उत्सव के रूप में मनाए जा रहे ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' अभियान के अंतर्गत राजभवन उत्तराखण्ड में पिछले वर्ष सभी राज्यों का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया है, और इस वर्ष से दूसरा चक्र भी प्रारम्भ हुआ है। साथ ही राष्ट्रपति को



जानकारी दी कि टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत उत्तराखण्ड में 5 हजार से अधिक गांवों में द्रुत गति से कार्य किया जा रहा है जिसकी प्रगति संतोषजनक है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों की उन्नति के लिए नवाचार युक्त प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को नैनीताल राजभवन के 125 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नैनीताल राजभवन एवं मानसखण्ड भ्रमण हेतु आमंत्रित किया और नैनीताल राजभवन के गौरवशाली 125 वर्षों की यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल बुक व लघु फिल्म एवं राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव-2024 पर आधारित कॉफी टेबल बुक भी भेंट की।

# कोलम्बस स्कूल में संचार कौशल सेमिनार आयोजित

## दूरदर्शन की पूर्व न्यूज एंकर अपर्णा भट्ट ने साझा किए अपने अनुभव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के सभागार में कौशल संवर्धन एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आज विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्रगणों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में बहुप्रतिभा सम्पन्न अपर्णा भट्ट जी ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार जी ने मुख्य वक्ता एवं उनकी टीम का गर्मजोशी से औपचारिक स्वागत कर सेमिनार का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार जी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य वक्ता अपर्णा भट्ट जी पूर्व मीडियाकर्मी दूरदर्शन और स्टार न्यूज की एंकर, एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात कवयित्री, एक संचार कौशल प्रशिक्षक और एक साहित्यिक उत्साही हैं, जो देश भर के कुछ बेहतरीन विश्वविद्यालयों में अकादमिक पत्र लिखने और प्रस्तुत करने में भी सक्रिय रूप से शामिल रही हैं। साथ ही उन्होंने देशबंधु कॉलेज, दिल्ली में अंग्रेजी विभाग के सहायक प्रोफेसर के रूप में भी अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं। सेमिनार के दौरान मुख्य वक्ता ने अंग्रेजी गद्य एवं काव्य की महत्ता पर प्रकाश डाला, साथ ही संचार कौशल से सम्बन्धित विविध तथ्यों की महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। इस दौरान उन्होंने बताया कि छात्रगणों की स्कूली शिक्षा के लिए कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता अत्यधिक महत्व रखती है जो कि उनके लिए जीवन में आने वाले चुनौतीपूर्ण समय में काफी कारगर सिद्ध होती है। इस दौरान विद्यालय के कई मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से प्रकट किया जिसका अपर्णा भट्ट जी द्वारा बड़े सहज ढंग से प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार खेड़ा जी ने कहा कि ट्विन-विन व कोलम्बस स्कूल के संयुक्त प्रयासों से छात्रगणों के व्यक्तित्व को निखारने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार आयोजित करने से बच्चों को भविष्य हेतु उचित मार्गदर्शन मिलता है। ऐसे महान व्यक्तित्व द्वारा अपने सुन्दर विचारों से बच्चों को लाभान्वित किया जाना हमारे लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है। बच्चों को उच्च शिक्षा एवं वर्तमान करियर परिवेश के बारे में जागरूक करना विद्यालय का फर्ज है। अन्त में ट्विन-विन कार्यक्रम की समन्वयक विद्यालय की शिक्षिका डॉ. परविन्दर कौर ने आगंतुक वक्ताओं व उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए सेमिनार के सफल आयोजन के लिए उनका धन्यवाद करते हुए सेमिनार का समापन किया।





# नंदा गौरा योजना के ऑनलाइन आवेदन शुरू

देहरादून(उद संवाददाता) 12वीं पास करने वाली बालिकाओं को सरकार 51 हजार रुपये देगी। नंदा गौरा योजना के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। बालिकाएं 30 नवंबर तक आवेदन कर सकती हैं। विभागीय मंत्री रेखा आर्य का कहना है कि यह योजना बालिकाओं का भविष्य संवारने वाली है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि इस योजना के तहत कन्या के जन्म पर जहां 11 हजार की धनराशि दी जाती है तो वहीं बिटिया के 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण कर स्नातक अथवा डिप्लोमा में प्रवेश लेने पर 51 हजार की धनराशि प्रदान की जाती है। इस योजना ने बेटे और बेटी में फैली असमानता को खत्म करने का काम किया है।मंत्री ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए वित्तीय वर्ष-2023-24 से पात्र लाभार्थियों के आवेदन की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कन्या शिशु के जन्म पर आवेदन के लाभ के लिए कन्या के जन्म के छह माह के भीतर आवेदन की व्यवस्था है। जिसके तहत पोर्टल पर लगातार आवेदन आ जा रहे हैं। बताया कि पात्र लाभार्थी बालिकाएं वेबसाइट www-nandagaurauk-in पर आवेदन कर सकती हैं। मंत्री रेखा आर्य ने विभागीय बैठक में निर्देश दिए कि हरेला के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पेड़, एक मां के नाम को सफल बनाया जाए। कहा कि हम सब का यह कर्तव्य है कि इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि एकल महिला स्वरोजगार योजना और महिला कल्याण कोष की जो नियमावली अभी तक नहीं बनी है, उसे लेकर एक हफ्ते में पूर्ण करें।



# श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने जुलूस निकाल एएलसी को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लुकास टीवीएस मजदूरों को न्याय देने और एएलसी द्वारा श्रमिकों से न्याय-उचित व्यवहार करने के लिए गत दिवस श्रमिक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में सिड़कुल नेस्ले चौक से श्रम भवन तक जुलूस निकाला गया। श्रम भवन पर प्रदर्शन के साथ सहायक श्रमायुक्त को ज्ञापन दिया गया। रोषित श्रमिकों ने कहा कि आज उनका यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन है। श्रम अधिकारी तात्कालिक रूप से श्रमिक समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं करेंगे और पीड़ित श्रमिकों की कार्यबहाली सहित समस्त मांगों का समाधान नहीं करवाएंगे और मालिकों का पक्षकार बनने की जगह कानूनी व निष्पक्ष व्यवहार नहीं करेंगे तो बड़ा आंदोलन होगा। वक्ताओं ने कहा कि लुकास टीवीएस मजदूर संघ के श्रमिक विगत लंबे समय से संघर्षरत हैं और हक के लिए विगत 144 दिनों से गांधी पार्क में धरनारत हैं। लेकिन इतने लंबे समय के बावजूद लुकास टीवीएस मजदूरों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। श्रम अधिकारी अपने ही करवाए गए समझौते का अनुपालन नहीं करवा रहे हैं। माँगपत्र लंबित है और प्रबंधन की ज्यादतियाँ बेलगाम हैं। उन्होंने कहा कि लुकास प्रबंधन ने गैर कानूनी तरीके से एक के बाद एक लुकास मजदूरों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं और श्रम विभाग इसे नजरअंदाज कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यह देखने में आ रहा है कि श्रम अधिकारी, मानवीय तौर -तरीका तो दूर, कानूनी मानदंडों को भी ताख पर रखकर कार्यवाहियां कर रहे हैं। समझौता कराने की जगह मामले को श्रम न्यायालय संदर्भित करना, संरक्षित कर्मकार के मामले गैर कानूनी रूप से आईआर कार्रवाई में चलाना, पंजीकृत यूनियन के पदाधिकारी को वार्ता में बैठने से रोकने, वार्ताओं के मिनट्स पर हस्ताक्षर करने से रोकना आदि सारी क्रियाएं अविधिक और बेहद आक्रोश पैदा करने वाली हैं। मोर्चा ने मांग की कि लुकास टीवीएस के समस्त निलंबित बर्खास्त श्रमिको की कार्यबहाली, अविधिक वेतन कटौती का भुगतान, 19 अप्रैल 22 के हुए समझौते का अनुपालन व मांग पत्र पर समझौता संपन्न हो। श्रम अधिकारी प्रबंधन के प्रतिनिधि की तरह श्रमिक मामलों को उलझाने की जगह निष्पक्ष कार्यवाही संचालित कर समाधान करवाएं, ताकि पीड़ित समस्त श्रमिकों को न्याय मिले। प्रदर्शन में श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, माहसचिव चंद्र मोहन लखेड़ा, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष गणेश मेहरा व मंत्री दीपेन्द्र भट्ट, मजदूर सहयोग केन्द्र के मुकुल, इंकलाबी मजदूर केन्द्र के दिनेश चंद्र, ऐक्टू से ललित मटियाली, नील मेटल कामगार संगठन महामंत्री पवन कुमार सिंह, पारले मजदूर संघ पंतनगर अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, यजाकी वर्कर्स यूनियन महामंत्री, रविंद्र कुमार, बजाज मोटर कर्मचारी यूनियन महामंत्री हीरा राठौर, मंत्री मेटल मजदूर संघ महामंत्री निरंजन लाल, राकेट रिद्धि सिद्धि कर्मचारी संघ अध्यक्ष गोविंद सिंह, आरएमएल एम्पलाइज यूनियन प्रेसिडेंट सुरेंद्र बिष्ट, नेस्ले कर्मचारी संगठन महामंत्री देवेन्द्र सिंह, करोलिया लाइटिंग एम्पलाइज यूनियन अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, सीआईए इंडिया श्रमिक संगठन कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, लुकास टीवीएस मजदूर संघ महामंत्री बसंत गोस्वामी, टाटा ऑटोकॉम मजदूर संघ अध्यक्ष गोपाल शर्मा, डॉल्फिन मजदूर संघ अध्यक्ष ललित कुमार, जाइडस कॉन्ट्रैक्ट यूनियन सितारगंज संयोजक अनीता अन्ना, एडियंट कर्मकार यूनियन कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, ऑटो लाइन इंप्लाइज यूनियन महामंत्री प्रकाश सिंह मेहरा, एडविक कर्मचारी संगठन के राजू विश्वास, इंटरार्क मजदूर संगठन के अध्यक्ष दलजीत सिंह आदि के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।





# आपदा से हुए नुकसान का शीघ्र आंकलन करें

## खटीमा क्षेत्र में 6500 परिवार ग्रामीण व 8000 परिवार नगरीय बाढ़ व जल भराव से लगभग 14 हजार परिवार आपदा से हुए प्रभावित, पांच पांच हजार की अहेतुक सहायता राशि वितरित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त दीपक रावत ने वीसी के माध्यम से आपदा कार्यो की जानकारियॉ ली तथा आपदा कार्यो को त्वरित गति से कराने के निर्देश दिये। उन्होने गत दिवस मण्डल में अत्यधिक वर्षा से हुए आपदा बाढ़, जल भराव से प्रभावित जनमानस को सहायता राशि त्वरित गति से वितरित करने व विभागीय परिसम्पत्तियों को हुए नुकसान का आंकलन सर्वे रिपोर्ट भेजने के साथ ही नदी, नालों में अतिक्रमण चिन्हित करने व हटाने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिये।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि खटीमा क्षेत्र में 6500 परिवार ग्रामीण व 8000 परिवार नगरीय बाढ़ व जल भराव से लगभग 14 हजार परिवार प्रभावित हुये है जिन्हे अहेतुक सहायता राशि वितरित की जा रही है। उन्होने बताया कि 1300 परिवारों को अहेतुक सहायता धनराशि पॉच-पॉच हजार रूपये बांट दिये गये है, पॉच हजार परिवारों को आज अहेतुक धनराशि बांट दी जायेगी। उन्होने बताया कि 1.75 करोड़ धनराशि वितरित की जा चुकी है तथा मा मुख्यमंत्री जी ने 10 करोड़ की धनराशि और स्वीकृत कर दी है। उन्होने बताया कि



व्यपारियों के दुकानों में जल भराव से हुए नुकसान का भी आंकलन किया जा रहा है साथ ही मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को मवेशियों की क्षति मूल्याकंन व सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। उन्होने बताया कि बाढ़ आपदा में जनपद में 08 मानव क्षति हुई हे जिनमे से दो लापता है व एक घायल है जिन्हे भी सहायता राशि वितरित कर दी गई है। जिलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि जनपद की सभी सड़के खुली हुई है। उन्होने बताया कि अभी तक बाढ़ आपदा से विभिन्न विभागीय सम्पत्तियों को 54 करोड़ के नुकसान का आंकलन किया जा चुका है। उन्होने बताया कि 54 विद्यालयों को आपदा से आंशिक क्षति हुई है। उन्होने बताया कि बाजपुर में लेवड़ा नदी की 09 किमी डी-सिल्टीगं कराई गयी थी जिससे वर्षा से बाढ़ कम आई मगर नदी में कई जगह टूट-फूट हुई और सिल्ट भी आई है। जिस पर मण्डलायुक्त ने लेवड़ा में डि-सिल्टींग व हुई टूट-फूट को भी ठीक कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि कल्याणी नदी की पूर्व में सिंचाई व नगर निगम द्वारा सफाई कराई गई थी जिससे जल भराव कम हुआ। आयुक्त ने कहा कि नदी में अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए हटाने की कार्यवाही की जाये। उन्होने बताया कि कल्याणी नदी को अतिक्रमण से जहॉ नदी का बहाव बाधित हो रहा है वही अतिक्रमण मकानों में रह रहें परिवारों को भी बाढ़ का भय बना हुआ है। कल्याणी नदी को अविरल प्रवाह बनाने व नदी को मूल स्वरूप में लाने हेतु सिंचाई व नगर निगम, राजस्व विभाग की टीम द्वारा लगभग 500 अतिक्रमण चिन्हित कर उन्हे नोटिस जारी किये जा रहे है। मण्डलायुक्त ने काशीपुर में भी हुए जल भराव की जानकारी ली। जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम काशीपुर द्वारा पिछले एक माह पूर्व नगर के सभी नदी, नालों की सफाई कर दी गयी थी। उन्होने बताया कि काशीपुर में ड्रेनेज सिस्टम नही है इसलिए पानी की धीरे-धीरे निकासी होता है। उन्होने बताया कि काशीपुर में लक्ष्मीपुर माईनर नहर का सीएम घोषणा में स्वीकृत 28 करोड़ की धनराशि से कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बाढ़ जल भराव से हुई विभागीय परिसम्पत्तियों के क्षति का आंकलन कर दो दिन में रिपोर्ट आपदा कन्ट्रोल रूम में भेजने के निर्देश दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# हरेला पर्व पर जनपद में एक सप्ताह होगा पौधारोपण : डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में जनपद अंतर्गत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किए जाने के संबंध में विभिन्न विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में वृक्षारोपण के संबंध में रूपरेखा तैयार की। डीएम ने कहा कि जिले में 15 जुलाई से एक सप्ताह तक हरेला पर्व मनाया जायेगा। जिसमें स्वच्छता, पौधारोपण, जल संरक्षण आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। बैठक में तय किया गया कि नैनीताल रोड स्थित नगर निगम के 12 पार्कों में हरेला का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। डीएम ने कहा कि 16 जुलाई को सामुदायिक जन सहभागिता के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जायेगा। जिसके लिए सीडीओ, उद्यान, वन और नगर निगम को आपसे समन्वय से उक्त स्थान पर लगने वाले पौधों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में



उपस्थित विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण के संबंध में जन सहभागिता बढ़ाने और लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए भी निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि फॉरेस्ट फायर, जल संरक्षण, स्वच्छता आदि क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि 15 जुलाई से चलने वाले हरेला सप्ताह के तहत 15 जुलाई को स्वच्छता अभियान और गड्ढा खुदान कार्यक्रम, 16 और 17 जुलाई को विभिन्न स्थलों पर पौधारोपण, 18 जुलाई को समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्यों हेतु ग्राम सभा से योजना पारित की जाएगी। इसी प्रकार 19 से 22 जुलाई तक विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण के कार्यों को प्रोत्साहन हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्यशाला आयोजित होंगी। बैठक में डीएम ने सीडीओ को जिला स्तरीय अधिकारियों को पौधारोपण हेतु क्षेत्र आवंटित करने को कहा जिनके द्वारा आवंटित क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विकास खंडों में भी हरेला पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमे बीडीओ नोडल अधिकारी होंगे और कृषि, उद्यान और वन विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग किया जायेगा। बैठक में सीडीओ अशोक पांडेय, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# राज्यपाल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से की शिष्टाचार भेंट

देहरादून/नई दिल्ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व की बधाई दी। राज्यपाल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा से कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्यों में नागरिकों को त्वरित एवं उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। इस अवसर पर राज्यपाल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया कि राज्य सरकार हेली एंबुलेंस, ड्रोन



लॉजिस्टिक्स, ए आई मैनेजमेंट एवं ट्रॉमा मैनेजमेंट के क्षेत्र में व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है एवं साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से इन सभी सेवाओं हेतु सहयोग की अपेक्षा की। वार्ता के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उत्तराखण्ड को स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# नवोदय विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबन्ध



समिति एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानाचार्य कंचन जोशी ने विद्यालय में अभिभावकों हेतु टिन शेड निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने लोनिवि को स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। प्रधानाचार्य ने नालों की सफाई कराने एवं विद्यालय बाउॅड्री के बाहर कूड़ा डालने वालों पर रोक लगाने, मच्छरजनित बीमारियों से निस्तारण हेतु विद्यालय परिसर में नियमित रूप से फागिंग कराने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय परिसर खेल मैदान में फ्लड लाईट के साथ ही विद्यालय भोजनालय एवं छात्रावास में सोलर गीजर स्थापना का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को उरेडा के माध्यम से लगवाने के निर्देश दिये। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के गतवर्ष के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाते हुये शिक्षा में जनपद को अग्रणी बनाने को निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, शिक्षक रमेश चन्द्र, अनुराग शर्मा, पूजा सुयाल, अभिभावक संतोष डिमरी आदि मौजूद थे।

# आपदा प्रभावित परिवारों से मिले विधायक सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देर रात कलसिया, रकसिया और आमपानी नालों के उफान से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर विधायक सुमित हृदयेश ने आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें शासन प्रशासन से मदद का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने जमरानी कॉलोनी, देवखड़ी, काठगोदाम, बद्रीपुरा, वार्ड संख्या 34, 35, 36, 37 में जलभराव और जानमाल के नुकसान का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों की परेशानियों को देखकर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नालों की सफाई शीघ्र सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके। सुमित हृदयेश ने कहा कि बरसात से पहले ही सभी विभागों को मिलकर नालों की सफाई करा देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार को कलसिया और रकसिया नालों के सुधार के प्रस्ताव पहले ही दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इन प्रस्तावों को स्वीकार कर नालों पर सुरक्षा



दीवार का निर्माण कराया जाए, ताकि जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े और जान माल की हानि न हो।विधायक सुमित ने स्थानीय लोगों से कहा कि वे किसी भी प्रकार की चिंता न करें और किसी भी परेशानी के लिए उनसे संपर्क करें। इसके बाद वे उस युवक के पिता से मिलने पहुंचे जो नाले में बह गया था और उन्हें सांत्वना दी। यह कहते हुए कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ हैं। इस दौरान महेशानन्द, मोहन बिष्ट, मनु गोस्वामी, रमेश पाण्डे, लच्छु, गुरप्रीत सिंह चड्ढा, हरीश बल्यूटिया, कमला सनवाल सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आपदा राहत शिविरों में सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करायें : दीपक रावत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से मण्डल के सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं विभागों से बरसात में हुये नुकसान के आंकलन का फीड बैक लिया।आयुक्त ने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में जलभराव होने से काफी नुकसान हो रहा है।नदियों के कटाव होने व नालों में मलबा आने से आबादी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने से नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमत्री के स्पष्ट निर्देश है कि आपदा मद में तत्काल स्टीमेट बनाकर धनराशि की मांग करें ताकि तात्कालिक कार्य कर राहत दी जा सकें।उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान राहत शिविरों के संचालन हेतु स्थान चिन्हित कर शिविर चालू हालत में रखे जाए। साथ ही उन शिविरों में विद्युत, पानी, राशन आदि की सभी



सुविधायें मुहैया हों।आयुक्त श्री रावत ने कहा कि नदियों के किनारे रहने वाले लोगों का चिन्हिकरण कर उन्हे अन्यत्र सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए। श्री रावत ने मण्डल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि खतरनाक नालों और रपटो वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाए। आयुक्त ने कहा कि संज्ञान में आया है कि नैनीताल शहर के कतिपय होटलों व स्कूलों द्वारा अपने छतों का पानी सीधे सीवरेज की लाईनों से जोड दिया जा रहा है जिससे सीवरेज का पानी वर्षा काल में सडकों पर आ जाने से गन्दगी और आम जन जीवन प्रभावित होते है वही सीवर का पानी झील में आने से प्रदूषण भी होता है। उन्होंने सिंचाई विभाग को ऐसे होटलों व स्कूलों का चिन्हिकरण कर नोटिस निर्गत करने के आदेश दिये। उन्होने कहा मण्डल में आपदा के कारण जो लोग प्रभावित हो रहे उन लोगों को अहेतुक धनराशि तत्काल दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक जनपद ऊधमसिंह नगर में1300, नैनीताल में 224, जनपद चम्पावत में 2000 परिवारों को धनराशि दी गई है। साथ ही अवशेष परिवारों का सर्वे जारी है। जल्द ही सर्वे कर धनराशि मुहैया कराई जायेगी। उन्होने कहा मण्डल मे स्टेट हाइवे मोहान भतरौजखान बन्द है। जिसे विभाग द्वारा 27 जुलाई तक पूर्ण कर आवागमन हेतु सुचारू कर दिया जाएगा। बाकी सभी हाईवे आवागमन हेतु सुचारू है। श्री रावत ने कहा कुछ ग्रामीण मार्ग बन्द है जिन्हे शीघ्र खोलने के निर्देश दिये गये है। उन्होने लोक निर्माण, एनएच और निर्माणदायी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संवदेनशील मार्गो पर पोकलैंड व जेसीबी की तैनाती करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा पर्वतीय क्षेत्रों मे भूस्खलन व स्लाइडिग क्षेत्रों में साईनेज, क्रैश बैरियर अवश्य लगाये जाएं। बलियानाला क्षेत्र मे जितने भी असुरक्षित भवन हैं उन भवनों के लोगो को सुरक्षित स्थान पर वर्षाकाल के दौरान ले जाना सुनिश्चित करें। वीसी में जिलाधिकारी नैनीताल वंदना, उधमसिंह नगर के उदय राज सिंह, बागेश्वर की अनुराधा पाल, पिथौरागढ की रेनु जोशी, अल्मोडा के विनीत तोमर, चम्पावत के नवनीत पाण्डे के साथ ही मण्डल के सभी पुलिस अधीक्षक, लोनिवि, विद्युत, जलसंस्थान, जलनिगम आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# किसानों का आंदोलन

किसान आंदोलन को दबाने की जैसी कोशिश हरियाणा सरकार ने की, वैसी देश में कहीं नहीं देखी गई। तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन शुरू हुआ तो हरियाणा सरकार ने पंजाब और हरियाणा की तरफ से दिल्ली की तरफ बढ़ रहे किसानों को रोकने के लिए सड़कें खुदवा दी थीं। फिर जब तीनों कानूनों को वापस लेते वक्त केंद्र सरकार की तरफ से किए गए वादे पूरे न किए जाने पर, पांच महीने पहले, दूसरी बार पंजाब और हरियाणा के किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच किया तो हरियाणा सरकार ने शंभू सीमा पर उन्हें रोक दिया। राजमार्ग पर दीवारें खड़ी कर दी गईं, मोटी-मोटी कीलें गाड़ दी गईं। किसानों ने वहीं डेरा डाल दिया, तो कई दिन तक उन पर ड्रोन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए, ताकि वे वापस लौट जाएं। उस दौरान हरियाणा पुलिस की तरफ से गोलीबारी भी की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। राजमार्ग पर अवरोध खड़े किए जाने की वजह से रोजाना हजारों आम लोगों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उस इलाके के व्यापारियों की परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने वहां के उच्च न्यायालय में गुहार लगाई। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार एक हफ्ते के भीतर राजमार्ग से अवरोधक हटा ले। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी कह दिया है कि हरियाणा सरकार को इस तरह राजमार्गों पर बाधा खड़ी करने का कोई हक नहीं है। राज्य सरकार की तो यातायात को सुगम बनाने की जिम्मेदारी होती है। दरअसल, गोलीबारी में मारे गए युवक की न्यायिक जांच कराने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। उसी की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि शंभू सीमा से अवरोधक तुरंत हटाए जाएं। इसी तरह तीन कानूनों के विरोध में उठे आंदोलन को दबाने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर किसानों को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी कीलें ठोंक दी गई थीं। तब भी सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसानों को अपनी मांग रखने का अधिकार है और राजमार्गों को किसी भी रूप में रोका नहीं जाना चाहिए। मगर लगता है कि अदालतों के बार-बार यह रेखांकित करने के बावजूद सरकारों को इस लोकतांत्रिक तकाजे की कोई परवाह नहीं है। किसान कोई किसी दूसरे देश के सिपाही तो हैं नहीं कि उनके दिल्ली पर हमला कर देने का खतरा है। उन्होंने तो लोकतांत्रिक तरीके से दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठा होकर अपनी मांगें रखने की अनुमति मांगी थी। मगर हरियाणा सरकार ने उनके साथ अपनी जोर आजमाइश शुरू कर दी। ये सवाल अब भी अपनी जगह बने हुए हैं कि तीन कानूनों को वापस लेते समय प्रधानमंत्री ने जिन मांगों को पूरा करने का वादा किया था, वे अभी तक पूरी क्यों नहीं की गईं।

# शहीदों के गांवों के आस पास सड़क व स्कूलों के नाम वीर शहीदों के नाम पर रखें : सीएम

## डीएम को दिए सैन्य धाम के निर्माण में भूमि विवाद का समाधान करने निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सैन्य धाम निर्माण के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस कार्य मे अब और अधिक विलम्ब न हो इसके लिये सैनिक कल्याण मंत्री को सैन्य धाम के निर्माण कार्यों का निरन्तर अनुश्रवण करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सैनिकों के आश्रितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बढ़ाये जाने का प्रस्ताव बनाए जाए। उन्होंने कठुआ, जम्मू कश्मीर में शहीद प्रदेश के पांचों वीर शहीदों के आश्रितों सहित इस तरह के समस्त मामलों में सरकारी सेवा में सेवायोजित करने की कार्यवाही तत्काल करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इस तरह के प्रकरणों में भविष्य में ऐसी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये कि सरकारी सेवा में सेवायोजित करने का कार्य बिना विलंब के किया जाये तथा इसके लिये समय सीमा तय कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांचों शहीदों के गांवों के आस-पास सड़क व स्कूलों के नाम इन वीर शहीदों के नाम पर रखे जाने की भी शीघ्र कार्यवाही अमल में लाए। उन्होंने कहा कि सैन्य धाम के निर्माण के पश्चात एम.डी.डी.ए. को उसके रखरखाव व संचालन की जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने सैन्य धाम के निर्माण में आ रहे भूमि विवाद के समाधान हेतु जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश देवभूमि के साथ वीरभूमि भी है। सैन्य धाम सैनिकों के सम्मान तथा राज्य की समृद्ध सैन्य परंपरा का भी प्रतीक है, यह हमारे युवाओं का भी प्रेरणा स्थल बनेगा।बैठक में सैन्य धाम के 500 मी. की परिधि में निर्माण कार्य प्रतिबन्धित किये जाने संबंधी जारी आदेश को निरस्त किये जाने तथा इस व्यवस्था को युक्ति संगत बनाये जाने पर भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशू, प्रमुख सचिव न्याय श्री प्रदीप पंत, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, एम.डी. पेयजल निगम श्री रणवीर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. श्री बंशीधर तिवारी, जेओसी सब एरिया मे.ज. आर.प्रेम राज, एम.डी. उपनल ब्रिगेडियर (से.नि.) जे.एन.एस. विष्ट,, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ब्रिगेडियर (से.नि.) अमृतलाल सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



# एसडीजी रैंकिंग में उत्तराखंड ने पहला स्थान हासिल किया

देहरादून(उद संवाददाता)। नीति आयोग ने 2023-24 की एसडीजी रिपोर्ट जारी की है। इस रैंकिंग में उत्तराखंड ने सर्वाधिक अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया है। सभी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद और सहयोग से ये उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार के विकासोन्मुखी प्रयासों से आज हमारा प्रदेश अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ा है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (SDG INDEX) 2023-2024 की रिपोर्ट में उत्तराखण्ड का शीर्ष स्थान प्राप्त करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। राज्य सरकार में केबिनेट के सहयोगियों, शासन प्रशासन के अधिकारियों को भी बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय के साथ शविकसित उत्तराखण्डश की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य में पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करते हुए सर्वस्पर्शी एवं सर्वांगीण विकास करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मकान के लिए खतरा बने बोल्डरों को नहीं हटने पर शिकायत पहुची सीएम हेल्पलाईन

कांडा( (उद संवाददात)। बिगत दिनों कांडा तहसील क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान छः जुलाई को कांडा गैस गोदाम के पास में रहने वाले मोहन कांडपाल के आवास पर पहाड़ से बढ़े बोल्डर व भारी मलबा आने से उनके दो कमरों का मकान ध्वस्त हो गया था।जिसमें दुकान का सारा सामान दबने से बर्बाद हो गया था।इस, दौरान कांडा धपोलासेरा सड़क भी बंद हो गयी थी। पीड़ित मोहन कांडपाल का कहना है कि स्थानीय प्रशासन ने पास में काम कर रही मशीन से सड़क का मलबा मात्र हटाया और उनके घर के मलबे व बढ़े बोल्डरों को वैसे ही रहने दिया गया।आज तक स्थिति जस्स की तस्स बंधी हुई हैं।आपदा पीड़ित अपने बच्चों व परिवार के साथ यहीं पर निवास करते हैं बच्चों के मन से वो आपदा का मंजर नहीं जा रहा है मन में डर बैठा हुआ हैं पहाड़ी से फिर मलबा पत्थर आने की आशंका लगातार बनी हुई हैं।यदि फिर बोल्डर आते हैं तो पीड़ित के मुताबिक उनके आवासीय भवन का ओ पूरी तरह खतरा हैं। लिहाजा यही शिकायत लेकर लगातार तब से तहसील में जा रहे हैं कि निदान कर दीजिए मलबा हटा दीजिए उपजिलाधिकारी कांडा को भी इसकी लिखित सूचना दी गई कोई सुनवाई जब नहीं हुई तो पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर इसकी शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई हैं। यहां राजस्व उपनिरीक्षक बजीना क्षेत्र मनोज कुमार का कहना है कि मौसम लगातार खराब रहने की वजह से बोल्डर मलबा पत्थर मकान में जो आज है नहीं हटाए जा सके हैं तहसीलदार व एसडीएम कांडा के निर्देश जैसे ही मिलते हैं तुरंत मशीन लगाकर हटाया जाएगा।



# ब्राजील के जस्टिस एंन्टोनियो हर्मन बेंजमिन ने किया वन अनुसंधान संस्थान का भ्रमण

देहरादून(उद संवाददाता)। माननीय जस्टिस एंन्टोनियो हर्मन बेंजमिन, नैशनल हाईकोर्ट ऑफ ब्राजील एवं प्रेसिडेंट ऑफ ग्लोबल ज्यूडिशियल इंस्टिट्यूट ऑफ एन्वायरमेन्ट द्वारा 12 जुलाई, 2024 को वन अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया गया। डा0 रेनू सिंह, निदेशक वन अनुसंधान संस्थान ने माननीय अतिथि का स्वागत किया तथा संस्थान द्वारा की जा रही गतिविधियों, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी साझा की।माननीय जस्टिस महोदय ने वनों के उपयोग तथा उनके संरक्षण, सुरक्षा तथा सत्त प्रबंधन हेतु विधिक ढांचा तैयार करने के लिए मॉडल फॉरेस्ट एक्ट इंनिसिएटिव पर अपने विचार साझा किए। उन्होने वन अनुसंधान संस्थान में वन एवं पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर न्यायिक प्रतिनिधियो के क्षमता निर्माण हेतु सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। माननीय जस्टिस महोदय द्वारा विभिन्न संग्रहालयों जैसे वन संवर्धन, टिम्बर, अकाष्ठ वन उपज, वन कीट संग्रहालय तथा वनस्पति विज्ञान प्रभाग के हर्बेरियम का भी भ्रमण किया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा वन अनुसंधान संस्थान के संग्रहालयों एवं हर्बेरियम में रखे विभिन्न प्रदर्शनार्थ वस्तुओं के बारे में जस्टिस महोदय को जानकारी दी गई। माननीय जस्टिस विशेष रूप से हर्बेरियम में विभिन्न देशों से एकत्र किए गए नमुनों के विशाल संग्रह से अत्यधिक प्रभावित हुए। भ्रमण के दौरान डा0 रेनू सिंह, निदेशक वन अनुसंधान संस्थान, श्रीमति ऋचा मिश्रा, प्रभाग प्रमुख, वन संवर्धन एवं प्रबंधन प्रभाग, डा0 विनीत कुमार, डीन एफ0आर0आई0 डीम्ड यूनिवर्सिटी एवं डा0 के0 पी0 सिंह, प्रचार एवं सम्पर्क अधिकारी उपस्थित थे।



# अधिक मूल्य पर सब्जी बेची तो होगी कड़ी कार्रवाई

## संयुक्त टीम ने छापेमारी कर व्यापारियों पर 2600 रुपए का लगाया जुर्माना

बागेश्वर/गरुड़(उद संवाददाता)। खाद्य संरक्षण एवं औषधीय प्रशासन, पूर्ति विभाग, नगर पंचायत एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गरुड़ क्षेत्र में मीट, सब्जी एवं अन्य व्यवसायियों की दुकानों में औचक छापेमारी की गई। इस मौके पर नियमों का उल्लंघन करने पर दो हजार छह सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया। गरुड़ नगर क्षेत्र में संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। छापेमारी के दौरान गंदगी करने पर एक हजार छह सौ व प्रतिबंधित प्लास्टिक रखने पर एक हजार रुपए का चालान काटा गया। टीम ने सब्जी की दुकानों में भी छापेमारी की और दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि अधिक मूल्य में सब्जी बेची तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य अधिकारी ने कहा कि बरसात के मौसम में जल्दी फंगस लग जाता है। यदि व्यापारियों ने बासी खाद्य सामग्री बेची तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य अधिकारी नंद किशोर, पूर्ति निरीक्षक दिवाकर पांडे, अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार जोशी, एसआई निर्मला पटवाल, विनीता बिष्ट, किशन सिंह, कुंदन मटियानी आदि मौजूद थे। बागेश्वर, जिले में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, बरसात के सीजन में सब्जियों में टमाटर आदि के दाम सौ के पार पहुंच गए हैं, वही पूर्ति विभाग द्वारा सभी सब्जी विक्रेताओं को सब्जियों की मूल्य सूची उपलब्ध कराकर उन्हें नियत दाम पर सब्जियों को बेचने के निर्देश दिए गए हैं।पर थोक रेट बढ़ने और हल्द्वानी मंडी से ट्रक भाड़ा बढ़ने से सब्जियों को विभागीय दरो पर बेचने से दुकानदारों ने किनारा कर लिया है, मूल्य सूची जारी होने और प्रत्येक दुकानदार को दुकान के बाहर सब्जियों के रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश का पालन होते नजर नही आ रहा है, वही सब्जी व्यवसाइयों में भी सब्जियों के बढ़ते दाम को लेकर चिंता सता रही है।व्यवसाइयों का मानना है कि नगर सहित अन्य स्थानों में अधिकांश सब्जी व्यवसाइयों द्वारा किराए में दुकानें ली हुई है, वही1 महंगा किराए के बीच गर्मी के मौसम में तीस फीसदी सब्जी खराब होने से नुकसान होने के चलते सब्जी की खरीद दाम पर कम मुनाफे में ही सब्जी की विक्री होने से सब्जी व्यवसाइयों ने पूर्ति विभाग द्वारा जारी मूल्य सूची में सब्जियां बेचने से एतराज हो रहा है, वही ऐसे में कई ग्राहकों द्वारा दुकानदारों से पूर्ति विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर सब्जी बेचने का1 भी अनुरोध किया जा रहा है।




# ससुरालियों पर लगाया पुत्री की दहेज हत्या का आरोप

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। ग्राम विचवा में ससुरालियों पर विवाहिता को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुऐ पिता ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ग्राम विचुवा निवासी स्वर्ण सिंह पुत्र अवतार सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पुत्री मंजीत कौर की शादी 19 अप्रेल को टुकडी निवासी युवक के साथ की थी। शादी में सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद कम दहेज लाने पर दामाद मारपीट करता था। आरोप है कि दामाद के किसी अन्य महिला के साथ संम्बध थे। 11 जुलाई को उन्हें पुत्री के ससुरालियों ने सूचना दी कि उनकी पुत्री ने दवाई खा ली जिससे उसकी मौत हो गई है। जब वह पुत्री की ससुराल पहुंचे तो उनकी पुत्री मंजीत कौर को चारपाई पर लेटा रखा था। जिसें उपचार के लिए नानकमत्ता अस्पताल ले गये। जहां से उसे खटीमा रैफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने तहरीर में आरोप लगाया हैं कि पुत्री के ससुरालियों ने मिलकर उसकी पिटाई कर हत्या की है। पिता ने मृतक पुत्री के ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# भूरारानी क्षेत्र से बालक हुआ लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में एक बालक घर से लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। पवन सैनी पुत्र स्व. रामानन्द सैनी निवासी भूरारानी दुर्गा कालोनी गली नम्बर 2 ने बताया कि 9 जुलाई की शाम उसका पुत्र 14 वर्षीय अमन कुमार बिना किसी को बताये घर से कही चला गया है। उसका आस पडोस व अपने सभी रिश्तेदारो में पता किया गया लेकिन कुछ पता नही चल पाया। पवन ने संदेह व्यक्त किया है कि उसके पुत्र के साथ अप्रिय घटना न घट जाये। पुलिस ने बालक की गुमशुदगी दर्ज कर दी है।

# पत्रकार प्रेस परिषद के टनकपुर तहसील अध्यक्ष बने नवीन भट्ट

चंपावत(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद इंडिया के कुमायूं मंडल अध्यक्ष अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकारों की एक बैठक में सर्व समिति से नवीन भट्ट को टनकपुर तहसील इकाई का अध्यक्ष बनाया गया, उपाध्यक्ष विनोद जोशी, महासचिव सूरी पंत को बनाया गया हैद्य कुमांऊ प्रभारी ने नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन भट्ट से एक सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी बनाने को कहा है । इस अवसर पर पत्रकार प्रेस परिषद कुमाऊँ मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पूरे भारत में एक मात्र ऐसा पत्रकार संगठन है, जो पत्रकारों के हितों एवं उनकी समस्याओं के लिए हमेशा कार्य करता है। उन्होंने कहा कि चंपावत जनपद मैं अन्य जगह भी शीघ्र इकाई बनाई जाएगी। इसके अलावा परिषद अपने सदस्यों को सवा दो लाख का निशुल्क बीमा अपने सदस्यों को देता है। 28 राज्यों में पत्रकार परिषद सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। 18000 से अधिक विद्वान एवं जाने माने वरिष्ठ पत्रकार इस संगठन से जुड़े हैं। संगठन उत्तराखण्ड में भी पिछले कई वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुमांऊ भर में कई अन्य इकाईयों का भी शीघ्र गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परिषद पत्रकारों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। पत्रकार उत्पीड़न किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चंपावत जिले के पत्रकारों की समस्याओं को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की जायेगी। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष टनकपुर नवीन भट्ट ने पत्रकारों ने स्वागत करते हुए बधाई दी। बैठक का संचालन पत्रकार प्रेस परिषद कुमाऊं मंडल सह मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार ने किया। टनकपुर तहसील का नवीन भट्ट को अध्यक्ष बनाए जाने पर वरिष्ठ सहयोगी परमजीत सिंह पम्मी, जगदीश चंद्र ,गुरदिप सिंह अध्यक्ष सितारगंज; पत्रकार प्रेस परिषद अध्यक्ष उधम सिंह नगर सुरेंद्र तनेजा, नैनीताल जिलाध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट ,खटीमा अध्यक्ष अशोक सरकार, गुड्डू खान दीपक यादव, पत्रकार प्रेस परिषद कुमायूं मंडल मीडिया प्रभारी अतुल अग्रवाल, कुमाऊं मंडल महासचिव मनोज श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष अजय गुप्ता,मंडल सचिव भारत , मंडल महासचिव कैलाश जोशी, रानीखेत अध्यक्ष संदीप पाठक ,काशीपुर अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी, महामंत्री काशीपुर आरिफ खान सहित तमाम पत्रकारों ने बधाई दी है।



# नदियों पर बने पुलों को बारिश और बाढ़ से बचाने के लिए एसओपी जारी

देहरादून। उत्तराखंड में नदियों पर बने पुलों को भारी बारिश और बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए शासन ने मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। इसके तहत नदियों पर बने पुल के 100-100 मीटर तक अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा।जहां नदी घुमावदार होगी, वहां 200-200 मीटर खनन कार्यों पर पाबंदी रहेगी। यही प्रतिबंध उस स्थिति में होगा जहां 200 मीटर की परिधि में दो पुल होंगे। पुलों की सुरक्षा के लिए पुलों की ऊपरी धारा (अप स्ट्रीम) क्षेत्र में रिवर ट्रेनिंग व फ्लड प्रोटेक्शन का कार्य सिंचाई विभाग कराएगा। एसओपी के तहत तय मानकों के विपरीत गतिविधियों में खनन विभाग कार्रवाई करेगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने एसओपी जारी की है। बता दें कि पिछले साल मानसून के दौरान राज्य के विभिन्न स्थानों पर कई पुलों को नुकसान हुआ था। कई पुलों को बाढ़ से हुए नुकसान के पीछे नदी के अपस्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में खनन को भी प्रमुख वजह बताया गया था। इन सभी बातों को ध्यान रखते हुए विभाग ने एसओपी तैयार की है। मल्टी स्पान पुलों की सुरक्षा के लिए नदियों में पुलों के अपस्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में 500-500 मीटर तक खनन कार्य नहीं हो सकेंगे। नदियों में स्थित पुलों की सुरक्षा के लिए सिंचाई विभाग अप और डाउन स्ट्रीम में चौनेलाइजेशन का काम करेगा। जल बहाव को चौनेलाइज करने का कार्य बारिश से पहले कराया जाएगा। ऐसे मामलों में वन विभाग और राजस्व विभाग पूर्ण सहयोग करेंगे। राजस्व व वन भूमि के क्षेत्र में जो पुल स्थित होंगे, वहां उनके आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन रोकने का कार्य दोनों विभागों का होगा। खनन विभाग को खनन पट्टों की सूचना लोनिवि, वन व सिंचाई विभाग को अनिवार्य रूप से देनी होगी। पुलों के आसपास प्रतिबंधित सीमा तक खनन रोके जाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए जिला खनन निधि से संबंधित जिलाधिकारी बजट की व्यवस्था करेंगे।

# बिहार के पर्यटक की रामनगर में मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। बीती 10 जुलाई को बिहार की एक प्राइवेट कंपनी एडब्ल्यूपीएल के करीब ढाई सौ लोगों का ग्रुप रामनगर घूमने के लिए आया था। बताया जाता है कि यह सभी लोग रामनगर स्थित ग्राम क्यारी में स्थित एक रिजॉर्ट में ठहरे हुए थे बताया जाता है कि शनिवार की सुबह इस ग्रुप में शामिल सुंदर ठाकुर उम्र 50 वर्ष निवासी कल्याणपुर जमुई बिहार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद इस पर्यटक को साथ में मौजूद अन्य लोगों व रिसोर्ट स्टाफ द्वारा उपचार के लिए रामनगर सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक पर्यटक के साथी चन्द्र शेखर आजाद द्वारा उसके परिजनों को दे दी है।



# करंट लगने से युवक की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात करंट लगने से मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी सकैनिया क्षेत्र के गांव अब्दुल्ला नगर में बीती रात एक 20 वर्षीय युवक सौरभ काम्बोज की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी में पता चला कि अपने खेत से धान में स्प्रे कर वह घर वापस लौटा था कि गर्मी लगने पर कूलर में तार लगा रहा था कि एक तार मृतक के हाथ में लग गई जिससे सौरभ गिर गया और वही तार उसके पेट पर गिर गई जिससे वह छटपटा कर बेहोश हो गया । परिजन् उसे तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया । मृतक तीन भाई – बहनों में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई विदेश में है ।



# दरोगा पर सुविधा शुल्क लेने व थाने में बुलाकर अभ्रदता करने का आरोप

नानकमत्ता। सीनियर बुर्जग महिला ने थाने के एक दरोगा पर अभ्रदता करने व सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाते हुये मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम कैथुलिया निवासी जीत कौर पत्नी बन्ता सिंह ने मुख्यमंत्री को भेज षिकायती पत्र में कहा है कि 5 जुलाई को उसकी पुत्रबधु मायके वालो को साथ लाकर लड़ाई झगडा कर सामान ले गई थी।जिसकी कार्यवाही जब हम थाने पहुचे तो थाने में तैनात हल्का दरोगा द्वारा कार्यवाही के नाम उसे अपने किराये के आवास पर बुलाया जहां सुविधा शुल्क के नाम पर 5 हजार रूपये ले लिए और कोई कार्यवाही नही की । आरोप है कि जब शिकायत सीएम पोर्टल पर की तो दरोगा ने थाने बुलाकर सीनियर सीटिजन बुर्जग के साथ अभ्रदता कर धमकाया। महिला ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दरोगा के विरूद्व कार्यवाही की मांग की है।

# जलभराव से लोग घरों में कैद

सितारगंज(उद संवाददाता)।शहरी क्षेत्र की कुछ कॉलोनी में खुशनुमा मौसम के बाद भी जलभराव के हालात बने हुए है। जीएस कालोनी में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों के चारों तरफ दो फिट तक पानी भरा हुआ है। इस कारण इन परिवारों के बच्चे स्कूल नहीं जा सके और घरों में कैद होने को



विवश है। नगर से सटी जीएस कालोनी में शनिवार को जल भराव के हालात बने हुए हैं। जबकि गनीमत यह है कि आसमान बिल्कुल साफ है। इसके बाबजूद सड़क, घरों के सामने दो फिट तक पानी जमा है। इस जल की निकासी के लिए अभी तक कोई भी प्रबंध नहीं किए है। जबकि जलभराव से प्रभावित परिवार घरों के चारों तरफ पानी जमा होने से बाहर निकलने में परेशान है। उनकी दिनचर्या प्रभावित हो गई है। अंधेरा होने पर प्रभावित परिवारों और आसपास के लोगों को बरसात के पानी का जलजमाव होने पर विषेले कीटों का भी भय बना हुआ है।

# डेंगू की रोकथाम और बचाव के लिये लगा शिविर

बनबसा(उद संवाददाता)। चंपावत जनपद के मैदानी क्षेत्रों में डेंगू से बचाव व रोकथाम हेतु नगर पंचायत बनबसा में होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों की संख्या में लाभार्थियों ने पहुंच कर सरकार के इस नि:शुल्क कैम्प का लाभ उठाया। यहां आपको बता दे कि प्रदेश में डेंगू के रोकथाम और उससे बचाव के लिये उत्तराखण्ड होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं के निदेशक डा0 जे.एल. फिरमाल और चंपावत के जिला होम्योपैथि चिकित्साधिकारी डा0 अशोक सिंह नगर कोटी के निर्देशानुसार चंपावत जनपद में नि:शुल्क कैम्प लगा कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आज इसी क्रम में नगर पंचायत बनबसा क्षेत्र में कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक किया गया और नि:शुल्क होम्योपैथिक दवाईयों प्रदान की गई। इस शिविर में डा० कमल कुमार,राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय चम्पावत, उपेंद्रनाथ गुप्ता फार्मासिस्ट राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, लोहाघाट मौजूद थे। शिविर में 105 लोगों द्वारा लाभ प्राप्त किया गया।



# यादे हुसैन ब्लड डोनेशन कैम्प में तीन दर्जन से अधिक रक्तदान

गदरपुर(उद संवाददाता) इमाम हुसैन की याद में वार्ड नंबर 10 गदरपुर स्थित मदरसा इस्लामिया बहरुल उल्लूम में दूसरे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केएफबी ब्लड सेंटर बाजपुर के चिकित्साक डॉक्टर विभूति भूषण, मैनेजर भारत मेहरा, टेक्नीशियन शुभम ठाकुर, टेक्नीशियन अजय कुमार, जी एन एम शिखा पाठक एवं अफजल शेख द्वारा रक्त ग्रुप की जांच करके लगभग तीन दर्जन यूनिट से अधिक रक्तदान करवाया गया । इससे पूर्व रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुसैन ब्लड फाउंडेशन अध्यक्ष मोहम्मद अजीम, सेक्रेटरी शोएब अहमद, पूर्व सभासद मोहम्मद आलम और कारी मोहम्मद आलम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया । मोहम्मद आलम का कहना था कि इमाम हुसैन,जिनकी शहादत की मिसाल पूरी दुनिया और मानवता के लिए एक संदेश है जिनकी याद में दूसरा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मोहम्मद अजीम ने कहा कि इस रक्तदान शिविर के जरिये ना जाने कितने लोगो की जानें बचाई जा सकेंगी ,जो बच्चे थैलीसीमिया जैसी खघ्तरनाक बीमारी से जूझ रहे है इस रक्तदान शिविर के माध्यम से उन बच्चों तक ये रक्त बिल्कुल फ्री बिना किसी चार्ज के चढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा,इस रक्तदान शिविर के माध्यम से काफी लोग जागरूक भी हुए और हर साल रक्तदान करने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। जो भी लोग इस रक्तदान शिविर में आकर अपना रक्तदान करते है हौसला अफजाही करते है हमारी टीम उन सभी का दिल से शुक्रिया अदा करती है। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान मोहम्मद जफर,चांद खान, मोहम्मद यासीन, सलीम बाबा, शाकिर अली, शोएब अहमद ,फैजान, मोहम्मद नईम, अकील रजा, यासीन, मोहम्मद मोहसिन ,मुफ्ती जाने आलम ,पारस धवन,आमिल खान,अल्फाज खान, शावेज अंसारी ,गुलाम साबिर, फैजान पाशा, फैजान अली, रिजवान अली ,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, संजीव अरोड़ा आदि मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**रोते-बिलखते लोग.....**तोमर, काशीपुर की अनुषा बडौला, सीओ संचार रेवाधर मठवाल, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष भारत सिंह समेत तमाम अधिकारी तीन कम्पनी पीएसी व जनपद के भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड, एंटीराईट स्क्वायड तथा विभागीय कर्मचारियों के साथ ग्राम भगवानपुर कोलड़िया पहुंचे। टीम को आते देखते ही वहां रह रहे परिवार के लोगों ने विरलाप करना शुरू कर दिया। अधिकारियों के वहां पहुंचने पर लोगों ने उनके आगे दोनों हाथ जोड़कर व पैर पकड़कर अपने दशकों पुराने आशियानों को न तोड़ने की गुहार लगाई लेकिन अधिकारियों ने उच्च्व न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्य में बाधा न ड़ालने को कहा। जिसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीमों ने निर्धारित स्थानों पर अपना मोर्चा सम्भाल लिया। यातायात वन वे कर दिया गया और लोगों को मौके पर आने से पूरी तरह से रोक दिया गया। देखते ही देखते टीम के साथ आई आठ जेसीबी मशीनें वहां अवैध रूप से बनाये गये लोगों के दर्जनों भवनों पर टूट पड़ीं। जिससे वहां के परिवारों के बुजुर्गो, महिलाओं व बच्चों की आंखों से आंसुओं का झरना बह उठा। मजबूर होकर सभी अपने दशकों पुराने आशियानों को टूटते हुए देखने लगे और जोर जोर से रोने लगे। इस बीच एक युवक ने टीम के आगे चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उसके भवन को तोड़ा गया तो वह तथा उसका सारा परिवार जहर खाकर आत्महत्या कर लेगा। इतना कहकर जब वह भागने लगा तो पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया और उसे अपनी हिरासत में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी था।

**भारी फोर्स के आगे....**रूद्रपुर निहारिका तोमर, काशीपुर की अनुषा बडौला, सीओ संचार रेवाधर मठवाल, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष भारत सिंह समेत तमाम पुलिस अधिकारी तीन कम्पनी पीएसी व जनपद के सैकड़ों की सख्या में भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड, एंटीराईट स्क्वायड के साथ पुलिस फोर्स ने अभियान स्थल के आस पास पूरा मोर्चा सम्भाला हुआ था। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों ने पूरी व्यवस्थायें की हुईं थी। साथ ही ड्रोन कैमरे से सम्पूर्ण स्थल की न सिर्फ निगरानी की जा रही थी बल्कि अभियान की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही थी। पुलिस की भारी भरकम तैयारियों को देखते हुए कोई भी व्यक्ति अभियान का विरोध करने का साहस नहीं जुटा पाया।

**कांग्रेस नेता बोले........**शर्मा ने एसडीएम कौस्तुभ मिश्र से आग्रह किया कि यहां लोगों के भवनों को तो तोड़ दिया गया है लेकिन भवनों का मलवा तो छोड़ दें। ताकि भवन स्वामी इस मलवे का कहीं अन्य स्थान पर भवन बनाने में उपयोग कर सकें। इससे उन्हें भवन निर्माण में कुछ सहारा मिल जायेगा। बाद में तीनों नेताओं को बेरिकेटिंग से बाहर कर दिया गया।

**युवक बोला परिवार......**भीमराव अधिकारियों के समक्ष आकर बोलने लगा यदि उसके मकान को तोड़ा तो उसके सहित सारा परिवार जहर खाकर आत्महत्या कर लेगा। इतना कहकर वह मौके से भागने लगा। जिस पर वहां खड़े पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर दबोच लिया और हिरासत में ले लिया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# खोया मोबाईल पाकर लोगों के चेहरों पर आई मुस्कान

## पुलिस ने 46 लाख कीमत के 269 फरियादियों के मोबाईल लौटाए





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा फरियादियों के खोये हुये मोबाइल फोन को बरामद करने एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु जनपद स्तर पर गठित मोबाइल एप्प सेल को मोबाईलों को बरामद करने के दिए निर्देश के अनुपालन में पुलिस टीम ने 46 लाख रुपए कीमत के 269 फरियादियों के मोबाईल लौटकर उनके चेहरों पर मुस्कान वापस लौटा दी। एसएसपी ने बताया कि प्रकाश चंद एसपी सिटी हल्द्वानी, हरबंस सिंह एसपी क्राइम/यातायात नैनीताल के निर्देशन में तथा सुमित पाण्डे क्षेत्राधिकारी ऑप्स हल्द्वानी, के पर्यवेक्षण में निरीक्षक प्रभारी हेमचन्द्र पन्त मोबाइल एप्प (साईबर सैल) के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी किशन सिंह कुंवर, महिला कानि. पूजा चौधरी के द्वारा शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों के आधार पर माह जनवरी से जून तक आई नम्बरों को प्रभारी एसओजी संजीत राठौड के माध्यम से सर्विलांस में लगाये जाने के उपरान्त खोये मोबाइलों का आईएमईआई का प्रचलन में होना पाया गया। उक्त मोबाईलों को विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, बिहार व पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से कुल 269 मोबाइल फोन, मोबाईल एप्प टीम द्वारा बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि विभिन्न कम्पनियों के 269 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत 46,35000 रुपये हैं। खोया हुआ मोबाईल वापस मिलने पर सभी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# तमंचा दिखाकर दो युवतियों को ले जाते वीडियो हुआ वायरल

काशीपुर। काशीपुर के मानपुर रोड स्थित स्टेडियम के पास का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक दो युवतियों को तमंचा दिखाकर बाइक पर बैठाकर ले जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस मामले में जानकारी जुटा रही है। शुक्रवार की देर शाम एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें बाइक सवार एक युवक पैदल जा रही दो युवती को रोकता है और एक युवती को बाइक पर बैठाकर कमर में लगा तमंचा निकालकर उसे थप्पड़ मारता है। साथ ही दूसरी युवती से बैठने का इशारा करता नजर आ रहा है। इसके बाद दोनों युवती बाइक पर बैठ जाती हैं और युवक उन्हें लेकर चला जाता है। मामला समाजसेवी के घर के नजदीक का बताया जा रहा है। उन्होंने ही पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। उधर कटोराताल पुलिस चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि वीडियो देखकर पता चलता है कि तीनों एक-दूसरे को जानते हैं। फिर भी पुलिस घटनास्थल और आरोपी के जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस संबंध में अन्य थाना पुलिस को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस भी आरोपी युवक की तलाश में जुट गई हैं। युवती कहां की रहने वाली हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।



# बेल्ट से पत्नी का गला दबाकर मारने की कोशिश

## एसएसपी के निर्देश पर रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व महिला एवं बाल हैल्प लाइन के निर्देश पर पुलिस ने दहेज लोभियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज से 19 नवम्बर 2022 को आदिल पुत्र बाबू खान निवासी ग्राम लखपेरा गंज जमकोहना थाना रामापुर जिला लखीमपुर खीरी सें सम्पन्न हुआ था। उसका एक पुत्र वारिस खान वर्तमान आयु 3 माह है। विवाह के बाद से ही पति आदिल, अपने भाई इकरार उसकी पत्नी रिजवाना से एकराय होकर उसको विवाह में कम दहेज लाने के ताने देते हुए तथा दहेज में मायके से मक लाख रुपये नकद लाकर देने के लिए प्रताड़ित करता है। जिसके चलते पति आदिल ने भाई इकरार व भाभी रिजवाना के साथ मिलकर जून 2023 के प्रथम सप्ताह की एक रात में अपनी दहेज की उक्त माँग के लिए गाली-गलौच कर बुरी तरह मारा। पीड़िता का आरोप है कि उक्त तीनों ने 14 अक्टूबर 2023 की रात उसको 7 माह की गर्भवती हालत में फिर मारपीट की। पति आदिल ने बेल्ट से उसका गला दबा दिया जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गयी तो पति ने उसे हस्पिटल में भर्ती कराया। जिसके बाद उसके परिजन उसकी ससुराल आये और अपने साथ ले गये। आरोप है कि पति, जेठ व जेठानी ने धमकी दी दहेज की माँग पूरी किए बिना इस घर में वापिस आयी तो जान से मार देंगे। पुत्री चाँदनी को वहीं छोड़कर वापिस लौट आये। रूद्रपुर के हॉस्पीटल में एक पुत्र वारिस खान का जन्म हुआ। जिसकी सूचना पाकर भी ससुराल से कोई नहीं आया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांव में बसती है भारत की आत्मा : लल्लन शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एकल अभियान उत्तराखंड सम्भाग के समिति एवं सेवाब्रतियों की बैठक सिटी क्लब रूद्रपुर में सम्पन्न हुई, जिसमें एकल अभियान के राष्ट्रीय महामंत्री डाक्टर लल्लन शर्मा ने बैठक को संबोधित करते





हुए कहा भारत माता ग्राम वासीनी है,भारत की आत्मा गांव में बसती है, भारतीय संस्कृति का संरक्षण करने का काम किसी ने किया है तो वो गांव है ग्रामवासी है, यदि गांव और गांव की संस्कृति नही बची तो देश कैसे बचेगा, इसी कार्य के लिए एकल अभियान संकल्पित है सम्पूर्ण भारत वर्ष के एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय संचालित है, एकल अभियान जन जन का अभियान बने इस हेतु हम सबने समाज के लोगों को प्रयास करना चाहिए। एकल अभियान के माध्यम से हम गांव का सर्वांगीण विकास करना चाहते हैं, विद्यालय के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा पद्धति से सहायक शिक्षा ऐसे बच्चों के लिए जो कहीं प्राथमिक विद्यालय में तो पढ़ने जाते हैं किन्तु टयूशन नहीं जाते स्कूल का काम पुरा नही कर पाते इस के साथ साथ योग आसन, देश भक्ति गीत का अभ्यास करना, एकल ग्रामोत्थान के माध्यम से गांव के बहन बेटियों एवं किसानों व युवाओ को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ना ऐसे तमाम कार्य एकल अभियान समाज के सहयोग से समाज के लिए कर रहा है।हम सबको अपनी भुमिका सुनिश्चित करनी चाहिए और भारत माता को परम वैभव पर स्थापित करने के सपने को साकार करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सह मंत्री स्नेह पाल सिंह, सम्भाग अध्यक्ष हरीश बजाज, खेल कूद प्रभारी भारत भूषण चुघ, झम्मन लाल शर्मा, विनय बत्रा, कुशल अग्रवाल, दिनेश भारद्वाज, अमर नाथ जोशी , शैली बंसल, गोल्डी बंसल, लाल सिंह दायमा, राकेश सिंह, राजेन्द्र मेहरा, रमेश जोशी , आशुतोष शर्मा, राहुल तिवारी, पदम् शमा, सुभाष खण्डेलवाल, बल्देव छाबड़ा, बन्टी कालरा, कृष्णा भण्डारी, कुशल अग्रवाल, लोकपाल शाही, आशुतोष वाजपेयी, अरविन्द कन्नौजिया, ज्ञान चन्द्र प्रजापति , नीटू , जया कटियार एवं समस्त कार्यकर्ता एवं समिति उपस्थित रही।

# बुलेट के लिए विवाहिता को घर से निकाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुलेट मोटर साईकिल की मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में उजमा पुत्री शकिल अमहद निवासी प्रीत विहार ने कहा है कि उसकी शादी एक साल पहले मुस्लिम रिति रिवाज के साथ आदिल उर्फ शेरा पुत्र स्व. छुटने खां निवासी ग्राम सिसई किच्छा से हुई थी। शादी के बाद से ही मेरा पति आदिल, ननद रिना, व बिचौलिया उसे दहेज को लेकर मारपीट व तरह तरह से अत्यचार कर दहेज में बुलेट बाईक की मांग करने लगे। शादी के बात पता लगा कि पति दारू के नशे का आदि है जिसकी पहले शादी हो चुकी है जिसकी पहली बीवी से एक लड़की भी है। जोकि 2 साल होने वाली है। उजमा का कहना है कि 3 अप्रैल 2024 को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पेट्रोल पम्प पर मिलावट की शिकायत

पन्तनगर(उद संवाददाता)। नगला में एक मात्र पेट्रोल पम्प हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के डीलर नगला में सिंह आटो सेन्टर पर मिलावट की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आनन्दपुर निवासी उपेन्द्र सिंह द्वारा 10 जुलाई को पांच लीटर पेट्रोल मोटर साइकिल में भरवाया गया था। मोटर कुछ दूर चलने के बाद बंद हो गयी । मैकेनिक से जांच कराने के उपरान्त पता चला की पेट्रोल के स्थान पर पम्प से पानी भर दिया गया था जिसके कारण मोटर साइकिल खराब हो गया। शिकायतकर्ता द्वारा पेट्रोल पम्प हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के अधिकृत डीलर नगला के सिंह आटो सेन्टर पर मिलावट की शिकायत करते हुऐ मुख्यमंत्री से जांच कराकर पम्प को सीज करने की मांग की गयी। इससे पूर्व भी इस पम्प पर घटतौली एवं मिलावट की उपभोक्ताओ द्वारा कई बार शिकायत की गयी है। लेकिन जांच के नाम पर लीपा-पोती की जाती है जिसका खमियाजा उपभोक्ताओ को भुगतना पडता है।

# विद्युत चोरी में तीन लोग नामजद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम द्वारा अलग अलग स्थानों पर की गई औचक चैकिंग के दौरान तीन भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े । तीनों भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में प्रकाश चन्द्र शाह उपखण्डअधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय ने कहा है कि हमराह सत्येन्द्र प्रकाश जोगियाल अवर अभियन्ता, अफसर अली लाईन कर्मी, अमित चन्द्र आर्या सहायक अभियन्ता सतर्कता सतर्कता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ चैकिंग की गई। इस दौरान श्रीमती सुरेन्द्र कौर पत्नी स्व.भजन सिह निवासी सुभाष कालोनी निकट गल्ला मंडी, जितेन्द्र सिह पुत्र नत्था सिह निवासी गली नंम्बर 5 ईश्वर कालोनी तथा दिल्लन पुत्र बगीर निवासी गांधी कालोनी के भवनों में विद्युत चोरी के मामले सामने आये। मौके पर केबल जब्त कर ली गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

